JUBILANT LIFESCIENCES

August 4, 2017

**BSE Limited**
Floor 25, P. J. Towers
Dalal Street,
Mumbai - 400 001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza
Bandra Kurla Complex
Bandra (E)
Mumbai - 400 051

**Sub: Submission of copies of newspaper advertisements for Transfer of Equity Shares to Investor Education and Protection Fund**

Dear Sir,

We enclose copies of the advertisements published on August 4, 2017, in MINT (English) and HINDUSTAN (Hindi), with respect to Transfer of Equity Shares to Investor Education and Protection Fund.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For Jubilant Life Sciences Limited

Rajiv Shah
Company Secretary

Encl.: a/a



**Jubilant Life Sciences Limited**
1-A, Sector 16-A,
Noida-201 301, UP, India
Tel:+91 120 4361000
Fax:+91 120 4234895-96
www.jubl.com

Regd Office:
Bhartiagram, Gajraula
Distt. Amroha - 244 223,
UP, India
CIN : L24116UP1978PLC004624

**आज का दिन** 1956 में देश का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर अप्सरा शुरू हुआ।



# हेडफोन लगा कार बैक कर रही महिला ने मासूम को रौंदा

**नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता**

दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार को कान में हेडफोन लगाकर कार बैक कर रही 25 साल की युवती ने एक ढाई साल के मासूम को कुचल डाला। इस मामले में पुलिस ने केस तो दर्ज किया है पर आरोपी को जमानत भी दे दी।

बच्चे की मां का कहना है कि उसने महिला को आवाज भी लगाई थी, लेकिन कान में हेड फोन लगे होने के कारण युवती आवाज न सुन सकी और बच्चे को कुचल डाला।

घटना पालम इलाके के साध नगर गली नंबर 21 की है। दोपहर के करीब ढाई बजे ढाई साल का मासूम दीपक गली में खेलते हुए बाहर चला गया। बच्चे की मां प्रीति भी उसका पीछा करते हुए बाहर चली गई। इस दौरान एक आई-20 कार बेहद तेजी से पीछे की तरफ आ रही थी। मां के आवाज लगाने के बावजूद भी युवती ने मासूम के ऊपर कार चढ़ा दी।

इसके बाद दीपक की मां बच्चे कार सवार का पीछा करते हुए काफी दूरी तक भागी लेकिन कार सवार नहीं रुकी। इसके बाद वह खुद ही बच्चे को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंची, जहां अस्पताल वालों ने इलाज के लिए मना किया। बाद में वह बच्चे को किसी तरह डीडीयू अस्पताल लेकर गईं। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पीड़ित परिवार ने कहा कि उनका परिवार हर हाल में न्याय चाहता है, ऐसे में तो कोई भी किसी को मारकर चला जाएगा।



मासूम दीपक। • फाइल फोटो





भूपेन मंडल

### इकलौता था दीपक

बच्चे के पिता संदीप कुमार हार्डवेयर की दुकान पर काम करते हैं। फिरोजाबाद के मूल निवासी संदीप ने बताया कि उन्होंने अपना इकलौता बेटा एक गैर जिम्मेदार ड्राइवर महिला के कारण खो दिया, पुलिस ने उसे चंद घंटो में जमानत भी दे दी।

### 12 जून को जन्मदिन

बच्चे के पिता ने बताया कि बेटे का जन्मदिन 12 जून को हुआ था, वह दो साल का हो गया था। इकलौता बेटा होने के कारण सभी उसको प्यार भी खूब करते थे।

## आईना

### 'सिंधु जल संधि पर अभी कोई फैसला नहीं'

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक ने कहा है कि किशनगंगा और रातले हाइड्रोइलेक्ट्रिक बिजली संयंत्रों को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच चर्चाएं जारी हैं और अब तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। भारत और पाकिस्तान द्वारा इस मुद्दे पर दो दिवसीय बैठक पूरी करने के एक दिन बाद कल विश्व बैंक ने कहा, इस सप्ताह की शुरूआत में बैठकें सदभावना एवं सहयोग की भावना से आयोजित की गई थीं। इससे जुड़े पक्ष वाशिंगटन डीसी में सितंबर में एक बार फिर मिलने और चर्चा करने के लिए सहमति जताई गई है।

### केबीसी के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**भोपाल।** केबीसी में लाखों रुपये पुरस्कार जीतने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में साइबर पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (साइबर सेल) शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस ने पुष्पेंद्र कुमार पटेल और दिलीप कुमार पटेल गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सतना जिले के रहने वाले हैं।

### लूटपाट के बाद चलती ट्रेन से फेंका

**मालदा।** दिल्ली से असम जा रही ब्रह्मपुत्र मेल में एक यात्री से लूटपाट के बाद उसे चलती ट्रेन से फेंक दिया गया। पीड़ित व्यक्ति की पहचान असम के कांत सिंह के रूप में हुई है। वह बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा के पास खुरियाल रेलवे स्टेशन के नजदीक रेल पटरियों के पास घायल अवस्था में मिला था। ट्रेन के पहिये की चपेट में आने से उसका बायां हाथ कट गया है।

### देश के उत्तरपूर्वी इलाकों में भूकंप के झटके

**शिलांग।** देश के पूरे उत्तरपूर्वी क्षेत्र में बुधवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर आए इस भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई। क्षेत्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने बताया, भूकंप का केंद्र मणिपुर के चूडाचंदपुर जिले में जमीन के भीतर करीब 55 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### शब्बीर शाह की हिरासत छह दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** आतंकियों को कथित रूप से वित्तीय मदद के एक दशक पुराने धन शोधन के मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह की हिरासत अदालत ने छह दिन बढ़ा दी है। हिरासत बढ़ाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से गुहार लगाई थी। मामले की सुनवाई गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थ शर्मा की अदालत में हुई।

### केरल में हिंसा के लिए माकपा जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** केरल में बीते 17 माह में भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 17 कार्यकर्ताओं की हत्या को लेकर भाजपा ने माकपा व उसकी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। भाजपा महासचिव भूपेंद्र यादव ने कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री पी विजयन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। वित्तमंत्री अरुण जेटली के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जल्द केरल जाएगा।

### गायक मीका सिंह के संदेश पर विवाद

**ह्यूस्टन।** भारत और पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के संयुक्त समारोह में शामिल होने की अपील पर बॉलीबुड गायक मीका सिंह बुरी तरह घिर गए हैं। मीका की इस टिप्पणी का भारतीय मूल के अमेरिकियों ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने मीका की इस अपील को माफ न करने वाला अपराध बताया है।

### छात्रा को हिरासत में लेने पर तमिलनाडु सरकार को नोटिस

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक 23 वर्षीय छात्रा को हिरासत में रखने के मामले में तमिलनाडु सरकार और सलेम शहर के पुलिस आयुक्त को नोटिस भेजा है। न्यायमूर्ति ए. सेल्वम और न्यायमूर्ति पी.कलैयारासन की खंडपीठ ने सलेम पेरियार विश्वविद्यालय की पत्रकारिता की छात्रा वलारमति के पिता मदैयां की याचिका पर नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक जवाब मांगा है।

संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में डालने के मुद्दे पर रोक तीन माह के लिए बढ़ाई

# चीन ने मसूद पर अड़ंगा लगाया

**चाल**

**संयुक्त राष्ट्र | एजेंसी**

चीन ने एक बार फिर से पठानकोट हमले के साजिशकर्ता मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के मुद्दे पर अड़ंगा लगा दिया है। मसूद को संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में डालने के प्रस्ताव पर चीन ने गुरुवार को फिर अपने वीटो अधिकार का इस्तेमाल करते हुए तकनीकी रोक को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है।

सुरक्षा परिषद में वीटो का अधिकार रखने वाला स्थायी सदस्य बीजिंग परिषद की अलकायदा प्रतिबंध समिति के तहत जैश-ए-मोहम्मद के नेता पर प्रतिबंध लगवाने के भारत के प्रयासों में लगातार अड़ंगा डालता आया है। चीन ने इस साल फरवरी में अजहर को संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आतंकी सूची में डालने के अमेरिकी कदम को अवरूद्ध कर दिया था। उसने तकनीकी रोक को दो अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया था। अगर चीन इस रोक को आगे नहीं बढ़ाता, तो मसूद का नाम अपने आप ही आतंकियों की सूची में डाल दिया गया होता।

इस प्रस्ताव का चीन को छोड़कर अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन समेत सभी देशों ने समर्थन किया है। । इस प्रस्ताव पर अमल होने से मसूद अजहर की संपत्तियां कुर्क हो जातीं और उस पर यात्रा प्रतिबंध भी लग जाता। पिछले साल दिसंबर में चीन के रुख के बाद भारतीय कूटनीतिक सूत्रों ने कहा था कि आतंकवाद का मुद्दा उठाने के लिए भारत सिर्फ एक रास्ते तक सीमित नहीं है। वह 'हर उपलब्ध प्रक्रिया के जरिए' आतंकवाद से जुड़े मुद्दे उठाना जारी रखेगा।

### 15 में से 14 देश एक साथ

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सिर्फ चीन ही अकेला देश है, जो मसूद को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के प्रस्ताव का विरोध कर रहा है। बाकी सभी 14 देश इस प्रस्ताव पर एकजुट हैं। यहां तक कि सऊदी अरब ने भी भारत का समर्थन किया है।

**चीन बार-बार अड़चन डाल रहा**

**6** महीने के लिए रोक लगाई मार्च, 2016 में

**3** महीने की समयसीमा फिर बढ़ाई सितंबर, 2016 में

**2** अगस्त तक रोक बढ़ाई फरवरी, 2017 में

**3** महीने के लिए फिर तकनीकी रोक बढ़ा दी

**बीजिंग का तर्क**

चीन बार-बार इस तकनीकी रोक पर तर्क देता आया है कि सभी सदस्य इस मुद्दे पर एकमत नहीं हैं। आपसी सर्वसम्मति के बिना किसी प्रस्ताव को पास करना सही नहीं है। चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा, 'वर्तमान में कुछ सदस्य अभी भी सूची के मामले को लेकर असहमत हैं। हम अपनी स्थिति पहले भी कई बार स्पष्ट कर चुके हैं। हमारा मानना है कि पेशेवर का नियम अपनाना चाहिए।'



# एक बार फिर से आतंक पर वार से बौखलाया पाक





**नई दिल्ली | पंकज कुमार पाण्डेय**

पाकिस्तान अपने पाले पोसे आतंकियों के कश्मीर में एक के बाद एक ढेर किए जाने से बौखला गया है। ऐसे में पाकिस्तान सेना और आईएसआई की मदद से लश्कर ए तैयबा किसी भी सूरत में सीमा पार से आतंकियों की नई खेप घाटी में भेजने की साजिश रच रहा है।

सुरंग, नदी नालों के जरिये घुसपैठ की आशंका जताते हुए खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षाबलों से सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्क करने को कहा है। खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि लश्कर प्रशिक्षित आतंकियों को घाटी में भेजकर अपना कमजोर गढ़ बचाने की छटपटाहट में है।

**नई खेप नहीं भेजने से कॉडर कमजोर पड़ने की आशंका :** खुफिया एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऑपरेशन ऑलआउट सीमापार आतंकी गुटों और उनको संरक्षण दे रही पाक सेना और आईएसआई के लिए खलबली की वजह बन गया है। पाकिस्तान को लग रहा है कि अगर घाटी में उसने प्रशिक्षित आतंकियों की खेप नहीं भेजी तो उसका कॉडर कमजोर पड़ सकता है।

### दुजाना ने माना था, कश्मीर में आतंक पाक का खेल

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को लश्कर कमांडर पर कार्रवाई से पहले उससे आत्मसमर्पण करने को कहा था। उसने यह माना कि कश्मीर में आतंकवाद पाकिस्तान का खेल है, फिर भी हथियार डालने से इनकार कर दिया और सुरक्षाबलों ने उसे मार गिराया। सुरक्षाबलों के एक अधिकारी ने दुजाना से फोन पर बातचीत कर उससे हथियार डालने को कहा। रिकॉर्डिंग के अनुसार, जब अधिकारी ने दुजाना से कहा कि उसे यह पता होना चाहिए कि कश्मीर में संघर्ष पाक का खेल है तो उसने कहा, 'मैं व्यवस्था को जानता हूं। मैं सब जानता हूं। कोई खेल खेलना चाहता है तो मैं क्या कर सकता हूं। मुझे अपने रास्ते पर आगे बढ़ना है।' दुजाना ने कहा, 'मैं आत्मसमर्पण क्यों करूं, मैं जेहाद के लिए निकला था।

# शाहबाज के प्रधानमंत्री बनने पर संशय कायम

**असमंजस**

**लाहौर | एजेंसियां**

भाई शाहबाज शरीफ को उत्तराधिकारी बनाने के पूर्व पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। शाहबाज ने केंद्र की राजनीति में दस्तक देने के लिए पीएमएल-एन के सामने बेटे हमजा को पाक पंजाब का मुख्यमंत्री घोषित करने की शर्त रख दी है। पर पार्टी अगले साल प्रस्तावित चुनाव से पहले प्रांत की कमान अनुभवहीन हाथों में नहीं सौंपना चाहती है।

'द डॉन' ने पीएमएल-एन सूत्रों के हवाले से लिखा है कि शाहबाज बेटे हमजा को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

**शाहबाज के चुनाव प्रचार पर पाबंदी : इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नेशनल असेंबली की एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री शाहबाज शरीफ के प्रचार करने पर पाबंदी लगा दी है। उनके बड़े भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को अयोग्य ठहराए जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता के मुताबिक 17 सितंबर के चुनाव के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद प्रधानमंत्री और प्रांतीय मुख्यमंत्रियों को इस निर्वाचन क्षेत्र में या मतदान केंद्र पर जाने से प्रतिबंधित किया गया है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता के मुताबिक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रांतीय मुख्यमंत्रियों सहित संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों को 17 सितंबर के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद निर्वाचन क्षेत्र या मतदान केंद्र पर जाने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।



### हमजा पर बन रही सहमति

पीएमएल-एन के नवाज और शाहबाज खेमे में बंटने की खबरों को खारिज किया है। हालांकि उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए हमजा के नाम पर आम सहमति बनती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में शाहबाज पंजाब में टिके रहने का ही फैसला ले सकते हैं।

# जीएसटी परिषद का अधीक्षक गिरफ्तार

**नई दिल्ली | एजेंसियां**

सीबीआई ने उच्च अधिकार प्राप्त माल एवं सेवाकर (जीएसटी) परिषद के अधीक्षक को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारी पर आरोप है कि उसने अपने एक करीबी सहयोगी के जरिये रिश्वत ली।

एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सीबीआई ने बुधवार शाम को अधीक्षक मनीष मल्होत्रा और कथित बिचौलिया मानस पात्रा को गिरफ्तार किया। यह संभवतः पहला मामला है जब जीएसटी परिषद के किसी अधिकारी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। आरोप है कि पूर्व में केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग में नियुक्त मल्होत्रा भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल थे। वह निजी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के एवज में रिश्वत लेते थे। जांच एजेंसी को जानकारी मिली कि मल्होत्रा की तरफ से पात्रा लोगों से संपर्क करता और तिमाही या मासिक आधार पर रिश्वत लेता था।

सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार पात्रा रिश्वत की राशि अपने कोष में जमा करता और बाद में उसे मल्होत्रा की पत्नी शोभना के एचडीएफसी बैंक खाते और बेटी के आईसीआईसीआई बैंक खाते में भेजता। सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक एजेंसी को सूचना मिली थी कि बुधवार को भी पात्रा, मल्होत्रा के निवास पर जाकर धन-राशि के साथ कुछ कागज सौंपने वाला है, जिसमें रिश्वत का ब्योरा होगा।

**सीबाआई का शिंकजा**

- मनीष मल्होत्रा को कथित बिचौलिये के साथ दबोचा गया
- कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के एवज में घूस लेने का आरोप

### विमान में सिगरेट जलाने पर जुर्माना

**चेन्नई।** बैंकॉक जा रहे एक विमान में यात्री के सिगरेट सुलगाने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि घटना मंगलवार की है। एयर एशिया फ्लाइट क्रू ने अनिवार्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के लिए यात्री को चेतावनी दी।

# पेशेवरों के लिए अमेरिका की राह आसान होगी !

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन | एजेंसी**

भारतीय पेशेवरों की आने वाले समय में अमेरिका जाने की राह आसान हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेरिट आधारित वीजा प्रणाली संबंधी विधेयक पेश किया है। अगर इसे संसद से मंजूरी मिल जाती है, तो इससे उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों को वीजा में प्राथमिकता दी जाएगी। इसका सीधा फायदा भारत जैसे देशों से आने वाले तकनीकी पेशेवरों को मिलेगा। ट्रंप का तर्क है कि अगर इस विधेयक को कानून का रूप मिलता है तो वैध आव्रजकों की संख्या में दस साल में 50 फीसदी तक गिरावट आएगी। 'रिफॉर्मिंग अमेरिकन इमिग्रेशन फॉर स्ट्रॉन्ग इम्प्लॉयमेंट' नाम का विधेयक अमेरिका में प्रवेश के लिए मौजूदा लॉटरी प्रणाली को खत्म करेगा और ग्रीन कार्ड पाने के लिए प्वाइंट आधारित प्रणाली लाएगा।

# भारत चीन सीमा पर सड़कों का जाल बिछाएगा

**नई दिल्ली।** सिक्किम के डोका ला क्षेत्र में सैन्य गतिरोध के बीच भारत जापान की मदद से पूर्वोत्तर के सीमावर्ती क्षेत्र में सड़कों, पुलों और सुरंगों का जाल बिछाने की तैयारी तेज कर रहा है। ताकि सीमा पर किसी भी चुनौती का मुकाबले करने के लिए सेना और हथियारों को तेजी से अग्रिम मोर्चे पर पहुंचाया जा सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए बुनियादी ढांचे की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए भारत-जापान सहयोग फोरम बनाया गया है।

**मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**पीली जलाशय श्रेणी–2 की मछली निकासी का ठेका टैण्डर सह नीलामी सूचना।**

| जलाशय का नाम | जनपद | नीलामी अवधि | नीलामी स्थल | नीलाम की दिनांक व समय | ब्याने की धनराशि रू0 | निविदा प्रारूप की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| पीली जलाशय श्रेणी–2 | बिजनौर | तीन वर्ष 30.06.2020 तक | आयुक्त मुरादाबाद सभागार कक्ष। | 17.08.2017 11:00 बजे पूर्वान्ह | रूपये 200000/– (रूपये दो लाख मात्र) बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से। | रू0 200/– |

(1) टैण्डर हेतु फार्म किसी भी कार्य दिवस में प्रातः10:00 बजे से 04:00 बजे तक निर्धारित शुल्क रू0 200–00 जमा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।
(2) निर्धारित प्रपत्र पर सील बन्द निविदा विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दिनांक 16.08.2017 की सायं 04.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकेंगी। निर्धारित तिथि के पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।
(3) नीलाम कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त नीलाम समिति के समक्ष दिनांक 17.08.2017 को ही टैण्डर खोले जायेंगें।
(4) नीलामी अथवा टैण्डर में जो बोली अधिकतम होगी उसी पर समिति द्वारा विचार किया जायेगा।
(5) पीली जलाशय की मछली निकासी हेतु टैण्डर सह नीलामी के सम्बंध में आवश्यक जानकारी (शर्तें आदि) सहायक निदेशक मत्स्य, बिजनौर निकट रोडवेज़ बिजनौर/उप निदेशक मत्स्य, मुरादाबाद मण्डल, आशियाना फेज़ 1, बी–164, मुरादाबाद कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त कर सकते हैं।
(6) प्रथम वर्ष की बोली की 25 प्रतिशत धनराशि बोली स्वीकृत होते ही जमा करानी होगी।

(सुचेता गुप्ता)
उप निदेशक मत्स्य,
मुरादाबाद मण्डल
बी–164, आशियाना फेज़ 1
मुरादाबाद

उ0प्र0:119128 दिनांक: 01.08.2017
Website: www.upgov.nic.in

**Government of Rajasthan**
**ARCHAEOLOGY & MUSEUMS DEPARTMENT,**
Ramniwas Garden, Albert Hall, Jaipur, Tel.: 0141-5190400
Fax No.: 0141-565124 & email: dirarch_raj@rediffmail.com
No.: A&M/EE/2017/8615 Dated: 1.8.17

**:: CORRIGENDUM ::**

Short term e-bid issued vide letter No. NIT-1/2017-18/7001-7011 dated 19.6.2017, the bid downloading and uploading dates shall be read as 9.8.2017 and 10.8.2017 respectively in place of 31.7.2017 and 1.8.2017. Rest terms & conditions shall remain unchanged.
UBN No.— AMD1718WLOB00007
DIPR/C/9470/2017 EXECUTIVE ENGINEER

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बिलासपुर (रामपुर)**

पत्रांक-30 दिनांक-01.08.2017

**1-कैन्टीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मण्डी समिति बिलासपुर-रामपुर के मण्डी स्थल स्थित दो नग कैन्टीन की नीलामी दि० 10.08.2017 को मण्डी समिति बिलासपुर के कार्यालय में की जायेगी।

**2-मार्के०हब दुकान आवंटन सूचना**

मार्के०हब-नबावगंज की दुकान 03 (अन्य पिछड़ा वर्ग) दुकान संख्या-05 (अनु०जाति) मार्के०हब सिसौना की दुकान सं० 05 (अनु०जाति) का आवंटन दिनांक 23.08.2017 को आवंटन कमेटी द्वारा मण्डी समिति बिलासपुर के कार्यालय में किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दानों सम्पत्तियों के आवंटन/नीलामी प्रक्रिया में समिति के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निर्धारित नियम शर्तों के अधीन बोली में भाग ले सकते है।

**दूरभाष-8765956942**

(जागन सिंह) सचिव — कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बिलासपुर — (डी०एस०गुप्ता) उपजिलाधिकारी/सभापति

**भारतीय खाद्य निगम — FOOD CORPORATION OF INDIA**

**क्षेत्रीय कार्यालयः असम क्षेत्रः जी.एस. रोड, पलटनबाजार, गुवाहाटी-781008**

सं0 एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017 दिनांकः 03.08.2017

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कृते एवं एफसीआई की ओर से, **महाप्रबंधक (क्षेत्रीय)**, एफसीआई, आरओ, असम क्षेत्र, गुवाहाटी **2 (दो) वर्षों की अवधि हेतु नियमित आधार** पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं।
केन्द्रों/मार्गों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| ई-निविदा सं0 | कार्य का नाम | अनुबंध की लागत (वीओसी) (रु. में) | वीओसी के 2% दर से ईएमडी (रु. में) | निविदा शुल्क (रु.) (सभी कर/जीएसटी सहित) |
|---|---|---|---|---|
| एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017/01 | एफसीआई साइडिंग चांगसारी (सीएफसीसी) से एफएसडी खानापारा वाया वे ब्रिज तक सड़क परिवहन अनुबंध। | 44,00,000/- | 88,000/- | 590/- |
| एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017/02 | एफसीआई साइडिंग चांगसारी (सीएफसीसी) से एफएसडी शिलांग वाया वे ब्रिज तक सड़क परिवहन अनुबंध। | 7,16,00,000/- | 14,32,000/- | 590/- |
| एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017/03 | एफसीआई साइडिंग चांगसारी (सीएफसीसी) से एफएसडी जोवाई वाया वे ब्रिज तक सड़क परिवहन अनुबंध। | 5,72,00,000/- | 11,44,000/- | 590/- |
| एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017/04 | एफसीआई साइडिंग चांगसारी (सीएफसीसी) से एफएसडी नांगस्टोइन वाया वे ब्रिज तक सड़क परिवहन अनुबंध। | 2,02,00,000 | 4,04,000/- | 590/- |
| एसएंडसी/1878/एनईएफ/असम/2017/05 | रेलवे साइडिंग/एफएसडी तिनसुकिया से एफएसडी एनिनी वाया वे ब्रिज तक सड़क परिवहन अनुबंध। | 2,02,00,000 | 4,04,000/- | 590/- |

निविदा को ऑनलाइन जमा करने की प्रारंभिक/खुलने की तिथिः **04.08.2017** को **प्रातः 9.00 बजे से** है। ईएमडी एवं निविदा शुल्कों के साथ निविदा को ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथिः **24.08.2017 को अप. 2.00 बजे तक** है। तथा निविदा खुलने की तिथि **25.08.2017 को अप. 2.00 बजे है।**

विस्तृत निविदा सूचना, बोली आलेख्य, निविदा पूछताछ के नियम एवं शर्तें वेबसाइटों (1) www.fciweb.nic.in एवं (2) https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं एफसीआई आरओ, गुवाहाटी में उपलब्ध हैं। निविदादाताओं हेतु सभी शुद्धिपत्र, अनुशेष, संशोधन, समय विस्तार, स्पष्टीकरण इत्यादि केवल वेबसाइट एवं ई-प्रोक्युर पोर्टल पर डाला जाएगा और कोई पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं होगी। संभावी बोलीदाताओं से आग्रह है कि वे खुद को अद्यतन रखने हेतु वेबसाइट एवं ई-पोर्टल पर नियमित रूप से जाएं।

**ह0/- सहायक महाप्रबंधक (अनुबंध)**

**JUBILANT LIFESCIENCES**

**जुबिलैंट लाइफ़ साईसिज़ लिमिटेड**
(सीआईएन : L24116UP1978PLC004624)
**पंजीकृत कार्यालयः** भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा–244 223, उत्तर प्रदेश, इंडिया
ईमेलः investors@jubl.com; वेबसाइटः www.jubl.com
फोनः +91-5924-252351-56, 58-60

**अंशधारकों हेतु सूचना**
**समता अंशों का विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि में हस्तांतरण**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के प्रावधानों के साथ पठित विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016, यथा संशोधित, ('आईइपीएफ नियम'), के अनुपालन में ऐसे सभी अंश जिनके सम्बन्ध में सात या उससे अधिक वर्षों से लाभांश का दावा अथवा भुगतान नहीं किया गया है, कम्पनी द्वारा विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ('आईइपीएफ') के पक्ष में हस्तांतरण हेतु वांछित हैं।

आईईपीएफ नियमों के अनुपालन में, कंपनी ने सम्बंधित अंशधारकों को, जिनके वित्तीय वर्ष 2009–10 एवं उसके उपरान्त कंपनी द्वारा घोषित सभी लाभांश का दावा नहीं किया/अदत्त हैं तथा जिनके अंश आईइपीएफ को हस्तांतरित किये जाने हैं, आवश्यक सूचना प्रेषित की है। कथित अंशधारकों का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.jubl.com पर 'Investors' अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किया गया है। अंशधारक आईईपीएफ को हस्तांतरित होने हेतु संभाव्य अंशों का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

सम्बंधित अंशधारकों से अनुरोध है कि वर्ष 2009–10 एवं उसके उपरान्त के अपने अदत्त लाभांश का दावा करने हेतु अपना आवेदन कम्पनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिटः जुबिलैंट लाइफ़ साईसिज़ लिमिटेड) को 1ई/13, अलंकित हाइट्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 अथवा ईमेल द्वारा rta@alankit.com अथवा टेलीफोन नं. 011–4254 1234 पर कर सकते हैं। यदि अदत्त लाभांश का वैध दावा अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को 3 नवम्बर, 2017 को या उससे पूर्व प्राप्त नहीं होता है तो कंपनी आईईपीएफ नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कथित अंशों को आईईपीएफ में हस्तांतरित कर देगी।

अंशधारक कृपया ध्यान दें कि आईइपीएफ को हस्तांतरित अंशों को उपार्जित लाभों सहित, यदि कोई हो, आईइपीएफ प्राधिकरण से आईइपीएफ नियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अंशधारकों द्वारा वापस प्राप्त किया जा सकता है।

इस संदर्भ में यदि अंशधारकों का कोई प्रश्न हो तो वे अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिटः जुबिलैंट लाइफ़ साईसिज़ लिमिटेड) से 1ई/13, अलंकित हाइट्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 अथवा ईमेल द्वारा rta@alankit.com अथवा टेलीफोन नं. 011–4254 1234 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कृते जुबिलैंट लाइफ़ साईसिज़ लिमिटेड**

तिथि : 3 अगस्त, 2017 — **राजीव शाह**
स्थान : नोएडा — **कम्पनी सचिव**